Setting up of Indian Vaccine Corporation Limited

4038. SHRI P. UPENDRA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have decided to set up a joint venture company, the Indian Vaccine Corporation Limited with French collaboration; and

(b) if so, what progress Government has been made in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) Yes, Sir. The Government decided to set up in 1989 a joint venture company called Indian Vaccine Corporation Limited (IVCOL) with a equity participation between Government of India, Indian Petrochemicals Corporation Limited and Pasteur Merieux Serums and Vaccines (PMSV) Lyon, France for the production of anti-viral vaccines against poliomyelitis, measles and rabies.

(b) The joint venture company has made considerable progress in the establishment of the manufacturing unit at manesar village of Gurgaon district, Haryana in terms of civil construction of main buildings ordering of equipment and recruitment of scientific, technical, administrative personnel. The first batch of scientists is presently undergoing training at PMSV, Lyon, France. As per the present schedule manufacturing activities under Phase-I are expected to begin in 1993.

तकनीकी कार्मिकों के लिए और अधिक रोजगार के अवसर जुटाने की योजना

4039. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर**: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केवल 30 प्रतिशत प्रशिक्षित तकनीकी कार्मिक ही रोजगार प्राप्त कर पाते हैं और शेष 70 प्रतिशत या तो बेरोजगार रहते हैं या असंगठित क्षेत्र में काम करने के लिए बाध्य होते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार तकनीकी कार्मिकों और कुशल कर्मकारों का देश से पलायन रोकने के उद्देश्य से उनके हेतु रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए कोई दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजना तैयार करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा): (क) चूंकि अनेक तकनीकी व्यक्ति, रोजगार कार्यालयों में अपना पंजीकरण नहीं करवाते हैं, इसलिए ऐसे व्यक्तियों की सही सही प्रतिशतता लगाना कठिन है । ऐसे अनेक व्यक्ति निजी क्षेत्र में नौकरी कर लेते हैं अथवा स्वरोजगार पसन्द कर लेते हैं। रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत व्यक्तियों में से भी कुछेक व्यक्ति नियमित नौकरी मिलने पर उसकी रिपोर्ट रोजगार कार्यालयों को नहीं करते हैं।

(ख) और (ग) विशेष रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जाते हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए भी रोजगार एक मुख्य उद्देश्य है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में उद्यमवृत्ति विकास की एक विशेष योजना है जिसके द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी वाले व्यक्तियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान का बन्द किया जाना

4040. **श्री विश्वासराव रामाराव पाटिल**: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, नागपुर को बन्द किए जाने का प्रस्ताव है; और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;